प्रादेशिक समाचार
03.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का सभी शैक्षणिक संस्थानों से बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण बनाने का आह्वान।

2. उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में रांची के मृतक अजय महतो के परिवार को बाबूलाल मरांडी ने भाजपा की ओर से दिए एक लाख रूपये, पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की।

3. हजारीबाग उत्पाद विभाग ने 50 लाख रुपए मूल्य के 500 पेटी अंग्रेजी शराब किए जब्त, आरपीएफ ने रांची से अवैध शराब के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार।

4. पेरिस पैरालंपिक खेलों के छठे दिन निशानेबाजी में अवनी लेखरा 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन एसएच–1 श्रेणी के फाइनल में पहुंची।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सभी शैक्षणिक संस्थानों को बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना चाहिए क्योंकि वे देश के विकास का अभिन्न अंग है। उन्होंने यह बात आज पुणे में सिम्बिओसिस विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर कही।

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वर्ण पदक विजेताओं में 11 में से आठ महिलाएं होना विश्वविद्यालय के इन्हीं प्रयासों को दर्शाता है।

****

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा की दौड़ में मृतक रांची ओरमांझी के रहने वाले अजय महतो के परिवार से मुलाकात की। श्री मरांडी ने मृतक अजय के परिजनों को भाजपा की ओर से आर्थिक सहायता के तहत एक लाख रूपये की राशि दी। इस मौके पर श्री मरांडी ने कहा कि राज्यभर में अबतक इस भर्ती दौड़ के दौरान 12 युवकों की मौत हो चुकी है।

बाबूलाल मरांडी ने पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। उन्होंने राज्य सरकार को मृतक युवकों के परिवारों को पचास लाख रूपये का मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल होने के बाद कोल्हान दौरे पर हैं। श्री सोरेन आज सिंहभूम जिले के कुदादा गांव पहुंचे। जहां काफी संख्या में ग्रामीणों और बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। चंपाई सोरेन ने कहा है कि यह भीड़ परिवर्तन की लहर है। उन्होंने लोगों से कहा कि संथाल में आदिवासियों का अस्तित्व सबसे ज्यादा खतरे में है।

****

हजारीबाग उत्पाद विभाग ने 50 लाख रुपए मूल्य के 500 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त किया है। सहायक उत्पाद आयुक्त शिव कुमार साहू ने कहा कि शराब बिहार ले जाने की तैयारी में थी।

****

रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ ने रांची रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी बिहार के रहने वाले हैं। रांची पोस्ट के निरीक्षक डी शर्मा ने बताया कि विदेशी शराब की 121 बोतल के साथ दो व्यक्तियों को पकड़ा गया है।

****

रामगढ़ जिले में केंद्र प्रायोजित पोषण अभियान के तहत राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों के आंगनबाड़ी केन्द्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में आज पोषण जागरूकता पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिका सहित महिलाओं द्वारा पोषण जागरूकता से संबंधित स्लोगन, कुपोषण उन्मूलन और राष्ट्रीय पोषण माह मनाए जाने के उद्देश्यों के प्रति आमजनों को जागरूक किया गया।

****

कोडरमा जिले के तिलैया में बिजली तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इसे लेकर आक्रोशित स्थानीय लोगो ने एनएच 20 को जाम कर फोर लेन निर्माण कंपनी और बिजली विभाग पर लापरवाही का केस दर्ज करने की मांग की।

****

कोडरमा के झुमरी तिलैया स्थित बाजार समिति में लगे आलू चिप्स प्लांट से छोटे पैमाने पर उत्पादन शुरू हो गया है।

****

रांची के मोराहबादी मैदान में सेना के शौर्य और पराक्रम की झलक समृद्ध भारत एग्जीबिशन में देखने को मिलेगी। इसमें सभी लोगों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

****

केंद्रीय कला एवं संस्कृति मंत्रालय की ओर से जामताड़ा में संत कवित्री मीराबाई के 525वें जन्मोत्सव पर कला धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर संगीत नाटक अकादमी के सदस्य डॉ संजय चौधरी ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्कूलों में किया जा रहा है।

****

पेरिस पैरालंपिक खेलों के छठे दिन आज निशानेबाजी में अवनी लेखरा 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन एसएच–1 श्रेणी के फाइनल में पहुंच गई हैं। फाइनल भारतीय समयानुसार आज शाम साढ़े सात बजे होगा।

तीरंदाजी में महिलाओं की रिकर्व प्रतिस्पर्धा में पूजा ने क्वार्टर फाइनल में स्थान बना लिया है। अंतिम आठ में उनका सामना भारतीय समय अनुसार रात नौ बजकर 20 मिनट पर चीन की वुचुनियन से होगा।

महिलाओं की शॉटपुट में भाग्यश्री जाधव पांचवें स्थान पर रहीं।

********समाप्त********